1988 में गुवाहाटी में हुई विमान दुर्घटना के संबंध में जांच प्रतिवेदन

589. श्री अजीत जोगी :
कुमारी चंद्रिका प्रेमजी केनिया :

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1988 में गुवाहाटी में हुई विमान दुर्घटना की जांच करने के लिये एक जांच आयोग गठित किया गया था ।

(ख) यदि हां, तो क्या जांच प्रतिवेदन प्राप्त हो गया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस विमान दुर्घटना के क्या कारण थे और इस प्रतिवेदन के आधार पर इस संबंध में आगे क्या कार्यवाही की गई है ?

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हर मोहन धवन) :(क) से (ग) जी, हां । 19-10-1988 को गुवाहाटी में वायुदूत एफ 27 विमान की दुर्घटना गुवाहाटी में उपस्कर अवतरण प्रणाली की "लेट-डाउन" प्रक्रिया का पूर्ण रूप से पालन नहीं किये जाने के कारण हुई थी । कैप्टन-इन कमांड द्वारा ग्लाइड स्लोप के उपलब्ध न होने की सूचना दिये जाने पर हवाई यातायात नियंत्रक ने विमान को आउटर मार्कर इन बाउंड पर रिपोर्ट करने के लिये गलत क्लीयरेंस दी जिसका भी इस दुर्घटना में हाथ रहा ।

सरकार ने विमान परिचालनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिये सुझाई गई सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है । सरकार के निर्णयों सहित रिपोर्ट की प्रतियां संसद पुस्तकालय में रख दी गई हैं ।

औषध कंपनियों की और औषध मूल्य समानीकरण खाते की बकाया धनराशि

590. श्री अजीत जोगी :
कुमारी चंद्रिका प्रेमजी केनिया :

क्या पैट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 जनवरी, 1991 की स्थिति के अनुसार औषध मूल्य समानीकरण खाते में अन्तर्गत विभिन्न औषध कम्पनियों की और कुल कितनी धनराशि बकाया थी ;

(ख) उन कम्पनियों के नाम क्या हैं जिनकी ओर 31 जनवरी, 1991 को 5 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि बकाया थी ; और

(ग) इस धनराशि की वसूली के लिये क्या उपाय किये जा रहे हैं और सरकार कब तक पूरी राशि वसूल कर पायेगी ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री तथा संसदीय मंत्री (श्री सत्यप्रकाश मालवीय) : (क) चूंकि इस संबंध में जांच प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है अत: अपेक्षित जानकारी यथाशीघ्र सदन के पटल पर रख दी जायेगी ।

(ख) और (ग) अब तक की गई अस्थायी गणना के अनुसार कम्पनियों के नाम हैं:-मैसर्स ग्लैक्सो इंडिया लि०, मैसर्स हेक्स्ट इंडिया लि., मैसर्स मेरिन्ड लि., मैसर्स साइनामाइड इंडिया लि० और मैसर्स लायका लैब्स । उचित विधिक प्रक्रिया के अनुसार वसूली की जायेगी।

Dangers in **the use** of pesticides

591. SHRI SHAMIM HASHMI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the dangers to human health caused by the use of pesticides such as